>

Title: Request to construct crossing, under pass and foot over bridge on NH-44.

श्री संजय भाटिया (करनाल): महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद ।

मैं आपके माध्यम से पहले तो रोड एंड ट्रांसपोर्ट मिनिस्ट्री का धन्यवाद करना चाहूँगा, पिछली बार जो मैंने माँग उठाई, नेशनल हाइवे जो दिल्ली से अमृतसर जाता है, एन.एच.1, जिसे अब एन.एच. 44 कहते हैं, उसका काम दो-चार दिन में शुरू होने वाला है । एक बहुत बड़ी समस्या, उस राष्ट्रीय राजमार्ग के आसपास जो गाँव बसते हैं, शहर बसते हैं, जो हिन्दुस्तान का सबसे व्यस्त राष्ट्रीय राजमार्ग है, उस पर क्रॉसिंग, अंडरपास, और फुट ओवर बिज की बहुत ज्यादा व्यवस्था नहीं है । जितने भी गाँव पड़ते हैं, पट्टीकल्याणा, गांजपड, ऊँचा समाना, छिबा, चौटाला रोड, वहाँ पर अंडरपास की बहुत ज्यादा जरूरत है, क्योंकि कल भी रोड सेफ्टी के ऊपर चर्चा हो रही थी । रोड क्रॉसिंग में बहुत दुर्घटनाएं होती हैं और हमारे यहाँ रोज कोई न कोई दुर्घटना होती है । धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष : श्री कुलदीप राय शर्मा को श्री संजय भाटिया द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।